विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

नारनौल| हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर 15 अक्टूबर को प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के रेडक्रॉस व एनएसएस प्रभारी ने बताया कि इच्छुक रक्तदाता 15 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से सायं 4 बजे तक जांट -पाली स्थित विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचकर रक्तदान कर सकते हैं।

भास्कर खास | आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की हुई बैठक, कार्यक्रम की सराहना

केंविवि में आईयूएसी लिंक प्रारंभ

भास्कर न्यूज | नारनौल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईयूएसी) की बैठक कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ की अध्यक्षता में हुई।

बैठक के प्रारंभ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आईयूएसी के लिंक का उद्घाटन किया। इसके बाद कुलपति ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय का डाटा संकलन करने के लिए आईयूएसी के प्रयासों की सराहना की। साथ ही एनएएसी की स्व-अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवंएप्रत्यानयन संचालन समिति के प्रयासों को भी सराहा। इस बैठक में स्व-अध्ययन रिपोर्ट (एसएसआर) के सभी सात घटकों पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्यतः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की रूपरेखा पर, सभी मानदंडों की सूचना पर एवं विभागों की मूल्यांकन रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। समिति ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यानयन परिषद (एनएएसी) की निरीक्षण हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

नारनौल. केंविवि में बैठक को संबोधित करते कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़।

बैठक में विश्वविद्यालय की आईयूएसी के निदेशक प्रो. आशीष दहिया, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. रंजन अनेजा, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. सुमन, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. समीक्षा गोदारा, सुश्री दिव्या के अतिरिक्त दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स के सेवानिवृत प्रोफेसर प्रो. डी.पी.एस. वर्मा व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रो. अनूप मान वैदेशिक सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे।

विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक

हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़

- एनएएसी की संचालन समिति की सराहना

हरियाणा केंद्रीय विवि जाट-पाली के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ की अध्यक्षता में हुई। हरियाणा केंद्रीय विवि के कुलपति ने विवि की वेबसाइट पर आईक्यूएसी के लिंक का उद्घाटन किया। विवि का डाटा संकलन करने के लिए आई1यूएसी के प्रयासों की सराहना की। एनएएसी की स्व-अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की संचालन समिति के प्रयासों को भी सराहा। स्व-अध्ययन रिपोर्ट (एसएसआर) के सभी सात घटकों पर चर्चा की गई। विवि की आई1यूएसी के निदेशक प्रो. आशीष दहिया, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. रंजन अनेजा, डॉ. अरविंद सिंह तेजावत, डॉ. दिनेश चहल, डॉ. सुमन, डॉ. सुनीता तंवर, डॉ. समीक्षा गोदारा, दिव्या के अतिरिक्त दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के सेवानिवृत प्रोफेसर प्रो. डीपीएस वर्मा व मदवि के प्रो. अनूप मान वैदेशिक सदस्यों के रूप में उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय में व्याख्यान आज, पूर्व कुलपति एचपी दीक्षित होंगे मुख्य वक्ता

भास्कर न्यूज | नारनौल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में 15 अक्टूबर को 'उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के आंदोलन को कौन दिशा देगा' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम होगा।

इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं जान माने शिक्षाविद एचपी दीक्षित मुख्य वक्ता होंगे। विश्वविद्यालय के गणित विभाग द्वारा करवाए जा रहे इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सभी शिक्षार्थी एवं विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। व्याख्यान के अगले दिन प्रश्नोतरी एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। विजेताओं को सम्मनित भी किया जाएगा।

हकेंविवि की वॉलीबॉल की टीम रवाना

महेंद्रगढ़ | गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में हो रही अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की 11 सदस्य टीम रवाना हुई। विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी विनय अहलावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल पचास टीमें हिस्सा ले रही हैं और 2009 में स्थापित हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जो इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ और कुलसचिव रामदत्त ने खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।